ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी फारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ की दिनांक 27.08.2018 को सम्पन्न हुई कार्यपरिषद की 11वीं बैठक का कार्यवाही।

उपस्थित :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 माहरूख मिर्जा, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अमित गुप्ता (उ0प्र0 सरकार द्वारा नामित) | सदस्य |
| 3. | प्रो0 मसऊद आलम, आचार्य, अरबी विभाग | सदस्य |
| 4. | डॉ0 एहतेशाम अहमद, सह–आचार्य, वाणिज्य विभाग | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सैयद हैदर अली, आचार्य, व्यवसाय प्रबन्धन विभाग | सदस्य |
| 6. | प्रो0 एस0एस0ए0 अशरफी, आचार्य, उर्दू विभाग | सदस्य |
| 7. | डॉ0 फख्रे आलम, सह–आचार्य, उर्दू विभाग | सदस्य |
| 8. | डॉ0 सौबान सईद, सह–आचार्य, उर्दू विभाग | सदस्य |
| 9. | डॉ0 अब्दुल हफ़ीज़, सहायक आचार्य, अरबी विभाग | सदस्य |
| 10. | डॉ0 प्रियंका, सहायक आचार्य, गृहविज्ञान विभाग | सदस्य |
| 11. | श्री महेन्द्र कुमार भट्ट, वित्त अधिकारी | विशेष आमंत्रित |
| 12. | श्री शत्रोहन वैश्य | कुलसचिव / पदेन सचिव |

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्य नामित किये गये श्री अमित गुप्ता का कुलपति जी एवं कार्यपरिषद सदस्यों द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तदोपरान्त बैठक आरम्भ हुई।

## कार्यवाही

**बिन्दु संख्या–1**

**विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 10वीं बैठक दिनांक 11.11.2017 एवं आकस्मिक बैठक दिनांक 30.11.2017 की बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

निर्णय–

कार्यपरिषद ने 10वीं बैठक दिनांक 11.11.2017 एवं आकस्मिक बैठक दिनांक 30.11.2017 की बैठक में लिये गये निर्णयों की सर्वसम्मति से पुष्टि की।

27/8/18

कुलसचिव
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
उर्दू, अरबी–फारसी विश्वविद्यालय, ल

बिन्दु संख्या–2

**विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 30 अगस्त 2018 के सम्बन्ध में लिये गये निर्णयों की प्रस्तुति एवं अग्रेत्तर मार्गदर्शन प्राप्त करना।**

निर्णय–

माननीय कार्यपरिषद ने तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 30 अगस्त 2018 के सम्बन्ध में कुलपति द्वारा लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया तथा दीक्षान्त समारोह के सफल आयोजन की अपेक्षा की।

बिन्दु संख्या–3

**तृतीय दीक्षान्त समारोह के अवसर पर डी0लिट0 की मानद उपाधि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में कुलपति महोदय द्वारा लिये गये निर्णय पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करना।**

निर्णय–

तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 30.08.2018 के अवसर पर डॉ0 अम्मार रिज़वी को डी0लिट0 की मानद उपाधि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में कुलपति जी द्वारा कार्यपरिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में लिये गये निर्णय पर कार्यपरिषद द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। अग्रेतर कुलाधिपति कार्यालय से इस सम्बन्ध में प्राप्त पत्र का संज्ञान लेते हुये अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु कुलसचिव को अधिकृत किया गया।

बिन्दु संख्या–4

**विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये विश्वविद्यालय झण्डे का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

निर्णय–

कार्यपरिषद ने विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये झण्डे का अवलोकन किया तथा सर्वसम्मति से झण्डे पर अनुमोदन प्रदान किया।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई।

(शत्रोहन वैश्य)
कुल सचिव / सचिव,
कार्यपरिषद

(अमित गुप्ता) 27/8/18
सदस्य कार्यपरिषद

27/8/18
(प्रो0 माहरूख़ मिर्ज़ा)
कुलपति / अध्यक्ष,
कार्यपरिषद

कुल सचिव
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
उर्दू, अरबी–फारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ